# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 ................/2025

**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के द्वितीय माध्यमिक परीक्षा, दिसम्बर, 2024 की प्रायोगिक एवं सैद्धान्तिक परीक्षाओं का प्रवेश–पत्र समिति के वेबसाइट से डाउनलोड कर परीक्षार्थी को वितरण कराने के संबंध में**

एतद् द्वारा बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) अधीनस्थ/मान्यता प्राप्त माध्यमिक स्तर के सभी अध्ययन केन्द्र को–ऑर्डिनेटर, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) की द्वितीय माध्यमिक परीक्षा, दिसम्बर, 2024 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचित किया जाता है कि **बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) की द्वितीय माध्यमिक परीक्षा, दिसम्बर, 2024 की प्रायोगिक परीक्षा (दिनांक 21.08.2025 से 23.08.2025 तक) एवं सैद्धान्तिक परीक्षा (दिनांक 25.08.2025 से 03.09.2025 तक) में सम्मिलित होने के लिए छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र (Admit Card) समिति के वेबसाईट https://bboseonline.com पर दिनांक 14.08.2025 से अपलोड है।**

2. **विदित हो कि बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) की द्वितीय माध्यमिक परीक्षा, दिसम्बर, 2024 के सैद्धान्तिक परीक्षा के लिए प्रत्येक प्रमण्डल मुख्यालय जिला में परीक्षा केन्द्रों को निर्धारित किया गया है। प्रमण्डल मुख्यालय जिला में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर उस प्रमण्डल के सभी जिलों के अध्ययन केन्द्रों के परीक्षार्थियों का परीक्षा केन्द्र निर्धारित है। इसलिए सभी छात्र/छात्रा प्रवेश पत्र में अंकित अपने प्रमण्डल मुख्यालय जिला के निर्दिष्ट परीक्षा केन्द्रों पर सैद्धान्तिक परीक्षा में सम्मिलित होंगे तथा प्रायोगिक परीक्षा अपने–अपने अध्ययन केन्द्र से देंगे।**

3. अध्ययन केन्द्र को–ऑर्डिनेटर समिति के वेबसाईट https://bboseonline.com पर अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड से लॉग–इन करने के उपरांत दिनांक 14.08.2025 से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर अपने अध्ययन केन्द्र के सभी छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से अपने हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ हस्तगत् कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि अध्ययन केन्द्रों पर आयोजित होने वाली प्रायोगिक परीक्षा (**दिनांक 21.08.2025 से 23.08.2025 तक**) एवं परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली सैद्धान्तिक परीक्षा (**दिनांक 25.08.2025 से 03.09.2025 तक**) के आयोजन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। डाउनलोड एवं वितरित किये गए प्रवेश पत्र के आधार पर एक समेकित विवरणी पंजी भी संधारित कर सुरक्षित रखेंगे।

4. समिति के उक्त वेबसाईट पर जारी प्रवेश पत्र (Admit Card) अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator के द्वारा निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड किया जा सकता है :–

**अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator द्वारा द्वितीय माध्यमिक (10वीं) परीक्षा, दिसम्बर, 2024 के लिए प्रवेश पत्र (Admit Card) डाउनलोड करने की प्रक्रिया**

- संबंधित अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator यूजर आई0डी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए समिति के वेबसाइट https://bboseonline.com पर Login **करेंगे।** लॉग–इन के उपरान्त Actions Header के नीचे View button पर Click करके Admit Card Download करेंगे।

5. अध्ययन केन्द्र को–ऑर्डिनेटर पूर्णतः आश्वस्त हो लेंगे कि अध्ययन केन्द्र के सभी छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उन्हें प्राप्त करा दिया गया है और किसी भी छात्र/छात्रा को प्रवेश पत्र प्राप्त कराना अब शेष नहीं रह गया है ताकि किसी भी छात्र/छात्रा को प्रायोगिक एवं सैद्धान्तिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

6. बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) की द्वितीय माध्यमिक परीक्षा, दिसम्बर, 2024 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक को सूचित किया जाता है कि वे अपने अध्ययन केन्द्र को–ऑर्डिनेटर से संपर्क कर अपना प्रवेश पत्र (को–ऑर्डिनेटर द्वारा हस्ताक्षरित एवं मुहरयुक्त) प्राप्त कर लेंगे तथा प्रायोगिक परीक्षा **दिनांक 21.08.2025 से 23.08.2025 तक** एवं सैद्धान्तिक परीक्षा **दिनांक 25.08.2025 से 03.09.2025** तक की अवधि में अपने प्रवेश पत्र के अनुसार सम्मिलित होंगे। प्रवेश पत्र में को–ऑर्डिनेटर का हस्ताक्षर एवं मुहर नहीं रहने पर प्रवेश पत्र की मान्यता नहीं दी जाएगी।

7. विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि सभी छात्र/छात्राओं के निर्गत प्रवेश पत्र के अनुसार ही बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) की द्वितीय माध्यमिक परीक्षा, दिसम्बर, 2024 में प्रायोगिक एवं सैद्धान्तिक परीक्षा का संचालन एवं उनमें छात्र/छात्राओं को सम्मिलित किया जाएगा। किसी भी अध्ययन केन्द्र को–ऑर्डिनेटर/परीक्षा केन्द्राधीक्षक द्वारा छात्र/छात्राओं के निर्गत प्रवेश पत्र से भिन्न विषयों की परीक्षा नहीं ली जाएगी और ना ही प्रवेश पत्र में किसी प्रकार का संशोधन किया जाएगा अथवा किसी संशोधित बिन्दु की स्वीकृति दी जाएगी। यदि अध्ययन केन्द्र को–ऑर्डिनेटर/परीक्षा केन्द्राधीक्षक द्वारा किसी छात्र/छात्राओं के निर्गत प्रवेश पत्र में संशोधन किया जाता है अथवा संशोधित बिन्दु की स्वीकृति दी जाती है तथा प्रवेश पत्र से भिन्न विषयों की परीक्षा ली जाती है, तो वैसे को–ऑर्डिनेटर/परीक्षा केन्द्राधीक्षक के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई करते हुए निलंबन हेतु सक्षम प्राधिकार से अनुशंसा की जाएगी।

8. **दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को लेखक (Scribe/Writer) की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से की जाने वाली कार्रवाई** :– सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पत्रांक- F.No 34-02/2015-DD III, दिनांक–29.08.2018 एवं पत्रांक–F.No 29-06/2019-DD III, दिनांक– 10.08.2022 द्वारा संसूचित प्रावधान के आलोक में वैसे दिव्यांग परीक्षार्थियों को जो स्वयं से लिखने में असमर्थ हैं, उनके अनुरोध के आधार पर श्रुतिलेखक उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त यह भी प्रावधान है कि दिव्यांग अभ्यार्थीगण अपना श्रुतिलेखक भी ला सकते है। श्रुतिलेखक की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दिव्यांगजन को परीक्षा प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देना होगा। नियमानुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा नन–मैट्रिक स्तर के लेखक रखने की अनुमति दी जाएगी एवं इससे संबंधित सूचना समिति कार्यालय को भी उपलब्ध करायी जाएगी। ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए निर्धारित समय में 20 मिनट प्रति घंटा अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

9. ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के समिति के हेल्पलाईन नं०–8146568498, E-mail Id: bseb@antiersolutions.com तथा उप निदेशक, परीक्षा एवं मूल्यांकन विभाग, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के मोबाईल नं०–9934690681, परीक्षा नियंत्रक (मा०) के मोबाईल नं०–8789175826, उप परीक्षा नियंत्रक (मा०) के मोबाईल नं०–7979815223, उप निदेशक, आई०टी० (मा०) के मोबाईल नंबर–8302866481 तथा प्रशाखा पदाधिकारी (केन्द्रीय, मा०) के मोबाईल नंबर– 9661704660 पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

13/8/2025 13.08.25

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

**ज्ञापांक** : केन्द्रीय (मा०)-19/25, क्र०-1303/ पटना, दिनांक : 13 / 08 / 2025

प्रतिलिपि : 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित। यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी स्टडी सेन्टर को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाय। इसकी सूचना स्टडी सेन्टर के को–ऑर्डिनेटर एवं संबंधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाय। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तदनुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

2. प्रोजेक्ट, मैनेजर Antier Solution Pvt. Ltd. को सूचनार्थ एवं निदेशित किया जाता है कि उपर्युक्त के अनुसार कार्रवाई मूलक व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाय एवं दिनांक 14.08.2025 से छात्र/छात्राओं का विधिवत् त्रुटिरहित प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी करने की व्यवस्था की जाय तथा किसी प्रकार की समस्या/शिकायत मिलने पर उसका तत्क्षण निराकरण कराया जाय।

3. सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

4. सचिव/उप निदेशक, परीक्षा एवं मूल्यांकन विभाग, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) को वर्णित आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि उक्त के आलोक में सभी अध्ययन केन्द्रों को सूचित करने के साथ–साथ आवश्यक कार्रवाई अपने स्तर पर करना सुनिश्चित करेंगे।

5. उप निदेशक, आई0टी0/सिस्टम एनालिस्ट (माध्यमिक) को सूचनार्थ एवं निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त तथ्यों के आलोक में अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई करते हुए एजेंसी से समन्वय स्थापित कर अनिवार्य व्यवस्था की जाय एवं इसकी जाँच कर आश्वस्त हो लें कि छात्र/छात्राओं का त्रुटिरहित प्रवेश पत्र निर्गत करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई है। उक्त कार्यों का सतत् निरीक्षण एवं अनुश्रवण करते हुए उत्पन्न किसी समस्या को तत्क्षण निराकरण कराया जाय। यह भी निदेश है कि इस विज्ञप्ति में अंकित आवश्यक सूचनाओं से जिला शिक्षा पदाधिकारी संबंधित अध्ययन केन्द्र को–ऑर्डिनेटरतथा परीक्षार्थियों को अवगत कराने हेतु इसे समिति के निर्दिष्ट BSEB Mobile App पर अनिवार्य रूप से डालना सुनिश्चित करेंगे।

6. वरीय प्रभारी पदाधिकारी, भंडार (मा0) एवं वित्त पदाधिकारी मुख्य निगरानी पदाधिकारी–सह–मुख्य नोडल पदाधिकारी एवं सभी नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, निदेशक, आई0टी0 तथा परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

13/8/25

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

13/8/25 13/8/25 13/8/25